# VAISH COLLEGE,BHIWANI

(AFFILIATED TO CHAUDHARY BANSILAL UNIVERSITY,BHIWANI)

**7.1.9:-**Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens



Independence day celebration for inculcating nationalism.




Youth training for inculcating value and responsibilities.

(3)

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | Celebration of National Youth Day |
| Date of the Programme/event/activity: | 12-1-2021, Oath ceremony & Live telecast on TV |
| Venue of Programme/event/activity: | Vaish College Bhiwani |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Dr. Reena |
| Designation: | Programme Officer |
| Department: | N.S.S. |
| Number of Students Benefited | 50 |

**REPORT**

आज दिनांक 12-1-2021 को वैश्य महाविद्यालय, भिवानी के प्रांगण में राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में N.S.S. Unit 1 के द्वारा राष्ट्रीय युवा उत्सव 2021 मनाया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ॰ सुधा रानी द्वारा N.S.S के 50 स्वयंसेवकों को राष्ट्र भक्ति तथा कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई तथा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकसभा टेलीविजन पर प्रसारित होने वाले आयोजन "युवाशक्ति मोदी के साथ युवा उत्सव तक भारत का राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2021" के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया व बच्चों को वेबकास्ट लिंक प्रदान करके कार्यक्रम दिखाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजिका डॉ॰ रीना ने स्वयंसेवकों को N.S.S के उद्देश्य, सेवा के भाव, "मैं नहीं आप" उद्देश्य पर प्रकाश डाला तथा अपना कार्य मेहनत, लगन व समर्पण भाव से करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

Reena

(Signature of Programme coordinator)

PRINCIPAL,
Vaish College,
BHIWANI

# 'शिक्षेतर गतिविधियों में भी योगदान दें युवा'




भिवानी के वैश्य महाविद्यालय में मुख्यातिथि कुलपति प्रो. राजकुमार मित्तल को सम्मानित करते हुए कार्यक्रम के आयोजक। -हप्र

भिवानी, 31 जनवरी (हप्र)

किसी भी देश की उन्नति में युवा अहम भूमिका अदा करता हैं। युवा पीढ़ी को चाहिए कि वह अपनी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं शिक्षेतर गतिविधियों में भी योगदान दे। यह बात वैश्य महाविद्यालय भिवानी में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत सात दिवसीय शिविर के समापन अवसर पर चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के कुलपति प्रो.राजकुमार मित्तल ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कही। वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट बाबू शिवरत्न गुप्ता ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को अपना लक्ष्य पाने के लिए किताबी ज्ञान के अलावा आंतरिक विकास भी करना होगा।

वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव पवन कुमार बुवानीवाला ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाने के लिये सबको मिलकर प्रयास करना होगा। इस अवसर पर रितेश गोयल, कमल भारद्वाज, ललित शर्मा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहें।

Scanned with OKEN Scanner

# VAISH COLLEGE, BHIWANI

## PROGRAMME REPORT PROFORMA

| | |
|---|---|
| Title of the Programme/event/activity: | Celebration of Constitution Day |
| Date of the Programme/event/activity: | 26-11-2020 |
| Venue of Programme/event/activity: | Physics Department |
| Name of the Programme coordinator/convenor | Dr. Reena / Mr Narender Kumar |
| Designation: | Programme Officer |
| Department: | N.S.S. |
| Number of Students Benefited | 100 |

## REPORT

आज दिनांक 26-11-2020 को वैश्य महाविद्यालय भिवानी के भौतिकी विभाग मे N.S.S इकाई 1 व 2 के संयुक्त तत्वाधान मे संविधान दिवस मनाया गया जिसमे प्राचार्य डॉ. सुधा चौहान ने स्टाफ सदस्यो व स्वयं सेवको को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भारतीय संविधान सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता व निबन्ध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसका शीर्षक "संविधान का देश के विकास मे महत्व" रहा। इस कार्यक्रम मे N.S.S के 100 स्वयं सेवको एवम् कॉलेज के अन्य विद्यार्थियो व स्टाफ सदस्यो ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना व श्री नरेन्द्र कुमार द्वारा किया गया।

Reena

(Signature of Programme coordinator)

PRINCIPAL,
Vaish College,
BHIWANI

Scanned with OKEN Scanner

अमर उजाला my city भिवानी
मंगलवार • 26.01.2021

# सभी ने अपने विवेक से मतदान करने की ली शपथ

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस : जिलेभर में हुए कार्यक्रम, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी मतदान का दिया संदेश



पंचायत भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देतीं छात्राएं। -संवाद


वैश्य महाविद्यालय में मतदाता दिवस पर शपथ लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। -संवाद

माई सिटी रिपोर्टर

भिवानी। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी कर्मचारियों, अधिकारियों व आमजन ने शपथ ली कि वे अपने विवेक से मतदान करेंगे। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिलेभर में कार्यक्रम हुए और विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भी मतदान का संदेश दिया।

पंचायत भवन में सोमवार को चुनाव कार्यालय में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयबीर सिंह आर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। मतदान पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। विद्यार्थियों ने हिंदी व अंग्रेजी में भाषण के माध्यम से मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

उधर, वैश्य महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर के मंच पर महाविद्यालय ट्रस्ट के अध्यक्ष एडवोकेट बाबू शिवरत्न गुप्ता ने मतदान के प्रति युवाओं को जागरूक किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. सुधा रानी, रजिस्ट्रार डॉ. जितेंद्र भारद्वाज, एनसीसी अधिकारी डॉ. अनिल कुमार तंवर, डॉयरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग आदि उपस्थित थे।

### मताधिकार का बताया महत्व

लोहारू। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में नायब तहसीलदार अशोक कुमार और प्राचार्य विजय प्रभा की अध्यक्षता में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ। प्रवक्ता राजीव वत्स ने सभी मतदाता जागरूकता के लिए शपथ दिलवाई ओर वोट के महत्व के बारे में बताया। मतदाता जन जागरूकता रैली भी निकाली गई। कार्यक्रम में रोल मॉडल के रूप में छात्रा कीर्ति को विशेष सम्मान दिया। इस अवसर पर प्राचार्य विजय प्रभा, वरिष्ठ प्राध्यापक जयवीर, सुमन राजीव, वत्स, नरेंद्र गहलावत राजेश कुमारी अन्नू ,अंजू, रचना सोनी, सोनिया, उमेद सिंह, आदि मौजूद थे। संवाद

### जागरूकता रैली से दिया मतदान का संदेश

तोशाम। चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत एक दिवसीय शिविर लगाया। छात्राओं ने मतदाता दिवस के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता रैली निकाली व यातायात के नियमों का पालन न करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर नियमों का पालन करने का आग्रह किया। संवाद

### कैरू में मना मतदाता दिवस

कैरू। राजकीय कन्या महाविद्यालय कैरू में शत प्रतिशत व निष्पक्ष मतदान के लिए स्वयंसेवकों व समस्त महाविद्यालय छात्राओं ने मतदाता दिवस मनाया। कार्यकारी प्राचार्य दीपिका की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं व कर्मचारियों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। संवाद

Scanned with OKEN Scanner